**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# *Three-day Indogma Film Festival begins on November 16*

TIT Correspondent
info@impressivetimes.com




**FARIDABAD :** The Department of Communication and Media Technology of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in collaboration with Cinemehta Productions, is organizing a three-day Indogma Film Festival, 2022 from November 16 to 18, 2022. The Chairperson of the Department of Communications and Media Technology, Dr. Pawan Singh informed that this film festival is being organized for the second time by the University. Earlier, the festival was organized by the Department in the year 2018. He informed that Sandeep Marwah, Film Producer, Director, and Founder President of the Asian Academy of Film and Television (AAFT) and the Chairman of the Miss Earth India Committee will be the chief guest at the inaugural session of the festival. The session was presided over by the Vice Chancellor of the University, Prof. Sushil Kumar Tomar. On this occasion, Registrar Dr. S.K. Garg, Dean of Faculty of Liberal Arts and Media Studies Dr. Atul Mishra, and Director of Cinemahta Productions Mr. Chandan Mehta will also be present. The theme song of Indogama will also be launched on the occasion. On the first day of the film festival, Regional and documentary films will be screened. Feature, Short Films, Animation Films, and Corporate Films will be screened on the second day of the film festival, and the prize distribution program will be organized on the last day on November 18, 2022. In the valedictory session, Dr. Mukesh Gambhir will present the report on Indogama Film Festival. At the end of the program, the Director of Cinemahta Film Production Mr. Chandan Mehta will propose a vote of thanks.

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आगाज आज

## सुप्रसिद्ध निर्माता, निर्देशक और लेखक करेंगे छात्रों से संवाद

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 15 नवम्बर। जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में भी विभाग ने यह फिल्म महोत्सव आयोजित किया था। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट तथा मिस अर्थ इंडिया कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल




आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर इंडोगमा के थीम सॉन्ग का भी लॉन्च किया जाएगा। फिल्म महोत्सव के पहले दिन क्षेत्रीय तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन फीचर, शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन फिल्म तथा कॉर्पोरेट फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी और 18 नवंबर को कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# PUNJAB KESARI

# इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आज से आगाज

- **सुप्रसिद्ध निर्माता, निर्देशक और लेखक करेंगे छात्रों से संवाद**
- **फिल्म महोत्सव डॉक्यूमेंट्री, फीचर, शॉर्ट तथा एनीमेशन फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग**

फरीदाबाद, 15 नवम्बर (महावीर गोयल): जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवम्बर, 2022 तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में भी विभाग ने यह फिल्म महोत्सव आयोजित किया था। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट तथा मिस अर्थ इंडिया कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर इंडोगमा के थीम सॉन्ग का भी लॉन्च किया जाएगा। फिल्म महोत्सव के पहले दिन क्षेत्रीय तथा




डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन फीचर, शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन फिंल्म तथा कॉर्पोरेट फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी और 18 नवंबर को कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समापन सत्र में डॉ. मुकेश गंभीर इंडोगमा फिल्म फेस्टिवल की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में सिनेमेहता फिल्म प्रोडक्शन के डायरेक्टर चंदन मेहता धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।

**छात्र सीखेंगे फिल्म निर्माण के गुर:** इस फिल्म महोत्सव में मीडिया छात्रों के लिए मास्टर क्लास का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले दिन सुप्रसिद्ध लेखक और निर्देशक श्री आशीष श्रीवास्तव छात्रों को फिल्म निर्माण के गुर सिखाएँगे। दूसरी मास्टर क्लास में प्रो. विनीत पांडे मुख्य वक्ता होंगे जो फिल्म लेखन तथा निर्माण पर छात्रों से संवाद करेंगे। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध फिल्मकार तथा निर्देशक माइक बेरी छात्रों को संबोधित करेंगे।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# AAJ SAMAJ

## तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 का आज से होगा आगाज

### सुप्रसिद्ध निर्माता, निर्देशक और लेखक करेंगे छात्रों से संवाद, फिल्म महोत्सव डॉक्यूमेंट्री, फीचर, शॉर्ट व एनिमेशन फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में भी विभाग ने यह फिल्म महोत्सव आयोजित किया था।

उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट तथा मिस अर्थ इंडिया कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह मुख्यातिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर इंडोगमा के थीम सॉन्ग का भी लॉन्च किया जाएगा। फिल्म महोत्सव के पहले दिन क्षेत्रीय तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन फीचर, शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन फिल्म तथा कॉर्पोरेट फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी और 18 नवंबर को कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समापन सत्र में डॉ. मुकेश गंभीर इंडोगमा फिल्म फेस्टिवल की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सिनेमेहता फिल्म प्रोडक्शन के डायरेक्टर चंदन मेहता धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।

**मीडिया छात्रों के लिए मास्टर क्लास का किया जाएगा आयोजन**

इस फिल्म महोत्सव में मीडिया छात्रों के लिए मास्टर क्लास का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले दिन सुप्रसिद्ध लेखक और निर्देशक आशीष श्रीवास्तव छात्रों को फिल्म निर्माण के गुर सिखाएंगे। दूसरी मास्टर क्लास में प्रो. विनीत पांडे मुख्य वक्ता होंगे जो फिल्म लेखन तथा निर्माण पर छात्रों से संवाद करेंगे। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध फिल्मकार तथा निर्देशक माइक बेरी छात्रों को संबोधित करेंगे।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विवि में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सप्ताहभर का इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने दाखिला लेने वाले नए इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम शुरू किया है। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विषयों में विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले 800 से अधिक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विवि की सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने की सलाह दी।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# DAINIK BHASKAR

## इंडोगमा फिल्म महोत्सव आज से, निर्माता-निर्देशक और लेखक करेंगे छात्रों से संवाद

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता-निर्देशक, एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसीडेंट संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। पहले दिन क्षेत्रीय एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। वहीं, दूसरे दिन फीचर, शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन फिल्म एवं कॉर्पोरेट फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। 18 नवंबर को अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

## HINDUSTAN

# इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आज से आगाज होगा

**फरीदाबाद, संवाददाता।** जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर, 2022 तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में भी विभाग ने यह फिल्म महोत्सव आयोजित किया था। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट तथा मिस अर्थ इंडिया कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# DAINIK JAGRAN

## इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन आज से

**फरीदाबाद :** जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डा .पवन सिंह ने बताया कि महोत्सव के उद्घाटन सत्र में एशियन अकादमी आफ फिल्म एंड टेलीविजन के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। (वि.)

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# PIONEER

## इंडोगमा फिल्म महोत्सव आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर, 2022 तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि यह फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट तथा मिस अर्थ इंडिया कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिनेमेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे।

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# AMAR UJALA

## तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा सिने मेहता प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि फिल्म महोत्सव विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी बार आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में भी विभाग ने यह महोत्सव आयोजित किया था। फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता, निर्देशक तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के फाउंडर प्रेसिडेंट संदीप मारवाह मुख्य अतिथि होंगे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन डॉ. अतुल मिश्रा तथा सिने मेहता प्रोडक्शन के निदेशक चंदन मेहता भी उपस्थित रहेंगे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:16.11.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## फिल्म महोत्सव आज से

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी (वाईएमसीए) के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग व सिनेमेहता प्रोडक्शन की ओर से 16 से 18 नवंबर तक इंडोगमा फिल्म महोत्सव किया जाएगा। मास कम्यूनिकेशन विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में फिल्म निर्माता संदीप मारवाह मुख्य अतिथि रहेंगे।